**शुक्रवार**
16 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4
**पेट के बल सोना स्वास्थ्य के लिए माना जाता है नुकसानदायक**



पृष्ठ 5
**जल्द ही हिंदी मूवीज में वापसी करने जा रही है लॉरेन**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 218
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कविता वह सुरंग है जिसमें से गुजर कर मनुष्य एक विश्व को छोड़ कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है।

– रामधारी सिंह दिनकर

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# मौसम का यलो अलर्ट: यात्रा रोकी, स्कूल बंद

विशेष संवाददाता

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में भारी बारिश के यलो अलर्ट के बीच एहतियातन चारधाम यात्रा को रोक दिया गया है तथा पहाड़ के आधा दर्जन जिलों के स्कूलों को भी अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

मौसम विभाग द्वारा राज्य में 3 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके मद्देनजर चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, पौड़ी और उत्तरकाशी सहित तमाम जिलों के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों को अलर्ट रहने को कहा गया था। आगामी 48 घंटे प्रदेश के पहाड़ी जिलों पर भारी पड़ने वाले हैं। इस चेतावनी के अनुसार बीते कल से राज्य में कहीं भारी तो कहीं अत्यधिक भारी बारिश का सिलसिला जारी है, जिसके कारण बदरीनाथ हाईवे और केदारनाथ हाईवे भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर बंद हो गया है।

चार धाम यात्रा के तीसरे चरण में



**●आगामी 2 दिन खराब रहेगा मौसम**
**●जिला प्रशासन व बचाव राहत टीमें अलर्ट**

राज्य में हो रही बारिश के दौरान कोई अनहोनी घटना न हो इसे लेकर शासन प्रशासन अलर्ट है। टिहरी में भारी बारिश के कारण एनएच-58 ब्यासी के पास पहाड़ से आए मलबे के कारण बंद हो गया, वहीं चमोली से प्राप्त समाचार के अनुसार नंदप्रयाग और गोविंदघाट में भी भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने की खबरें हैं जिसके कारण यात्री जगह-जगह फंसे हुए हैं।

उधर उत्तरकाशी से प्राप्त समाचार के अनुसार भटवाड़ी और गंगनानी के पास हुए भूस्खलन से मार्ग बंद हो गया है। केदारघाटी में भी इस समय मौसम खराब है तथा जगह-जगह भूस्खलन की खबरें हैं जिसके बीच केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को प्रशासन द्वारा सोनप्रयाग में रोक दिया गया है जब तक मौसम ठीक नहीं होगा इन यात्रियों को आगे न जाने के लिए कहा गया है। उधर गंगोत्री और यमुनोत्री मार्ग भी भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर बाधित है जिसके चलते यात्रा को रोका गया है मौसम खराब होने के कारण फूलों की घाटी की यात्रा भी रोक दी गई है।

उल्लेखनीय है कि मौसम के यलो अलर्ट के कारण पौड़ी, चमोली, चंपावत, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी तथा रुद्रप्रयाग जिले के सभी स्कूलों को अगले आदेशों तक बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि अनावश्यक यात्रा पर न निकले तथा नदी नाले व खालों से दूरी बनाकर रखें। आगामी 2 दिन राज्य में भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है।

# मौनकांडा स्कूल के प्राचार्य व सहायक अध्यापक सस्पेंड

**❑छत गिरने से छात्र की मौत का मामला**

विशेष संवाददाता

देहरादून। चंपावत के मौनकांडा राजकीय स्कूल में शौचालय की छत गिरने से हुई एक बच्चे की मौत और 5 बच्चों के घायल होने की घटना की जांच में सामने आई स्कूल प्राचार्य व सहायक अध्यापक की लापरवाही के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है।

2 दिन पूर्व हुई इस घटना के बाद जिलाधिकारी चंपावत द्वारा सीईओ को इस घटना की जांच करने के आदेश दिए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस स्कूल में जिस दिन यह हादसा हुआ उस दिन स्कूल के प्राचार्य गजेंद्र सिंह स्कूल में नहीं थे। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया है कि प्राचार्य गजेंद्र सिंह आए दिन बिना बताए या छुट्टी लिए ही स्कूल से गायब रहते थे। प्राचार्य गजेंद्र की सहायक अध्यापक के साथ हमेशा ही तनातनी भी बनी रहती है। जिस दिन हादसा हुआ स्कूल में अकेले सहायक अध्यापक देवराज ही मौजूद थे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई जांच के बाद शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्य गजेंद्र सिंह और सहायक अध्यापक देवराज सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। प्राचार्य गजेंद्र सिंह को उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय लोहाघाट और सहायक अध्यापक देवराज को उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय चंपावत अटैच कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा इस घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी किए गए थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। प्राचार्य और सहायक अध्यापक को सस्पेंड किए जाने के बाद मौनकाडा स्कूल अब संरक्षक विहीन हो गया है क्योंकि यहां दो लोग ही तैनात थे उनकी जगह यहां किसे भेजा गया है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

# पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह बीजेपी में शामिल होंगे!

नई दिल्ली । पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब लोक कांग्रेस के प्रमुख कैप्टन अमरिंदर सिंह के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर मुहर लग गई है। कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में जाएंगे और 19 सितंबर को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेंगे।



इस बात की जानकारी पीएलसी के प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलिवाल ने दी है । माना जा रहा है कि 19 सितंबर यानी सोमवार को पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय भी होगा । माना जा रहा है कि दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में 19 सितंबर को कैप्टन अमरिंदर सिंह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करेंगे और इस दौरान उनकी पार्टी का भी भाजपा में विलय होगा साथ ही अमरिंदर सिंह के साथ पंजाब के कई पूर्व विधायक और नेता भाजपा का दामन थामेंगे ।

# देश में 24 घंटों में कोरोना के 6,298 नए मामले सामने आए, 23 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 6,298 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,22,777 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 46,389 से बढ़कर 46,748 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 23 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,28,273 हो गई। इनमें कोविड-19 से मौत की पुष्टि के बाद दर्ज किए गए केरल के चार मामले शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 2.04 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से ठीक होने वालों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.71 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले



24 घंटे की अवधि के दौरान उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 359 की वृद्धि दर्ज की गई है। मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर 1.89 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 1.70 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण से जिन 19 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें सात महाराष्ट्र से और तीन दिल्ली से बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 4,39,47,756 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड रोधी टीके की 216.17 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# चारधाम यात्रियों को मिलेगी 2025 से रेल सेवा

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में 2025 से चार धाम यात्रियों को रेल सेवा मिलना प्रारम्भ हो जायेगी। ऐसा ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 31-12-2024 तक पूर्ण होने से होगा। इसके अतिरिक्त चारधाम यात्रियों को रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिये चारधाम एफ.एल.एस. कार्य के अन्तर्गत उत्तराखंड के पहाड़ों में 4 अन्य रेल लाइनों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है।

यह जानकारी इन कार्यों की कार्यदायी संस्था रेल विकास निगम लि. ने सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने रेल मंत्रालय से उत्तराखंड की नई रेल लाइनों के विकास के सम्बन्ध में सूचनायें मांगी गयी थी।

उपलब्ध सूचना के अनुसार रेल विकास निगम लिमिटेड रेलवे की एक कार्यदायी संस्था है जो उत्तराखंड राज्य में 126 किमी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग ब्रॉड गेज रेल लाइन परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त चार धाम एफ.एल.एस. कार्य के अन्तर्गत (गंगोत्री-यमुनोत्री) 122 किमी. डोईवाला-उत्तरकाशी-बड़कोट, (केदारनाथ-बद्रीनाथ) कर्ण प्रयाग-साईकोट, सोन प्रयाग, 91 किमी. , साईकोर्ट-जोशीमठ 86 किमी. साईकोट से पीपल कोटी 21 किमी. अंतिम स्थान निर्धारण सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को भेज दी गयी है।

रेल विकास निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नौ पैकेज में विभाजित किया गया है। परियोजना पूर्ण होने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 है। इस रेललाइन के प्रगति विवरण के अनुसार सूचना उपलब्ध कराने के तिथि तक कुल रेल लाइन की लम्बाई 125.172 किमी. में से 5.770 किमी. का कार्य पूर्ण हो चुका है। 7 एडिट्स में से भी सभी 7 तथा 10 शाफ्ट में से 1 शाफ्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्य सुरंगों की 104 किमी. लम्बाई में से 24 किमी. का कार्य पूरा हो चुका है जबकि इस्केप सुरंगों की कुल लम्बाई 97.7 किमी. में से 26 किमी. का कार्य तथा एडिट्स/शाफ्ट की सभी लम्बाई 4.5 किमी. कार्य, महत्वपूर्ण पुलों में 5 में से 1, सड़क पुलों में 6 में से 1, सड़क के ऊपर पुलों (आर.ओ.बी) का 2 में से 1, रोड अंडर ब्रिज 1 में से 1 तथा एलएचएस. का 4 में से 1, छोटे पुलों मे 34 में से 15 तथा नये स्टेशनों में 12 में से 1 का काम पूरा हो चुका है।

## दून वैली मेल

## संपादकीय

# महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण की लड़ाई

नैनीताल हाई कोर्ट द्वारा महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण पर रोक लगाए जाने पर अब सूबे की महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जा रहा है कि सरकार महिलाओं के आरक्षण बहाली का रास्ता निकाले। उधर आर्थिक आधार पर आरक्षण दिए जाने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। हम यहां इन आरक्षण से जुड़े दो मुद्दों का उल्लेख इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यह आरक्षण का मुद्दा हमेशा विवाद का विषय रहा है। आजादी के बाद आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था को कांग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा दशकों तक शायद इसलिए दबा कर रखा गया क्योंकि उसे पता था कि इस व्यवस्था के साथ तमाम विवादों के अध्याय खुल जाएंगे। लेकिन जब देश में गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ तो तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने इस आरक्षण की फाइल को धूल झाड़ कर पिछड़ों और गरीबों का कल्याण कार्य किया गया। हो सकता है बीपी सिंह की सोच यह रही हो कि इसके जरिए उनका एससी और एसटी वर्ग के मतदाताओं पर एकाधिकार हो जाएगा लेकिन यह बात उनकी कोरी कल्पना ही साबित हुई और वह सत्ता में बने नहीं रह सके। तब से लेकर आज तक आरक्षण का मुद्दा न सिर्फ वोट बैंक की राजनीति का केंद्र रहा है अपितु विवाद की जड़ रहा है। आरक्षण की मूल भावना में जो कमजोर तबके को ऊपर उठाने, सामाजिक भेदभाव को मिटाने और जातीय विभाजन को निर्मूल करने का उद्देश्य निहित था वह पूरी तरह से पीछे छूट चुका है। अभी केंद्र कि मोदी सरकार ने ओबीसी संवर्ग के लिए कुछ खास व्यवस्था की गई। अब सभी जातियां विभिन्न आधारों पर अपने अपने लिए अधिक से अधिक आरक्षण की लड़ाई लड़ रही हैं। आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था जो 50 फीसदी है यह आरक्षण आगे भी नहीं अधिक ऊपर पहुंच चुका है राज्यों की सरकारें अपने-अपने राज्यों में अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर कह कर रही हैं किसे कितना आरक्षण देना है। उत्तराखंड की वर्तमान भाजपा सरकार भी अब महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण पर अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मुख्य सचिव ने विधाई विभाग से रिपोर्ट मांगी है तथा वह सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए एसएलपी दायर करने पर भी विचार कर रहे हैं। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण और खासकर उत्तराखंड राज्य की महिलाओं के लिए यह बहुत जरूरी इसलिए भी है क्योंकि राज्य निर्माण से लेकर सामाजिक और आर्थिक विभाग में राज्य की महिलाओं का योगदान सराहनीय है। अगर धामी सरकार महिला सशक्तिकरण और राज्य के विकास के मद्देनजर उन्हें क्षैतिज आरक्षण दिलाने की लड़ाई लड़ते हैं तो यह स्वागत योग्य है। लेकिन इसके पीछे अगर सरकार की मंशा और नियत आधी आबादी (मातृशक्ति) के वोट बैंक पर एकाधिकार की है तो उसे कतई भी उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# बेटे ने मारपीट कर मां को किया घायल

संवाददाता

देहरादून। बेटे ने मारपीट का मां को घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बापू ग्राम निवासी द्वारिका प्रसाद ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बेटे शुभम कोठारी ने उसकी पत्नी को जान से मारने की नियत से सिर पर वार किया तथा मारपीट कर उसको हाथ तोड दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नाबालिग से दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीठ वाली गली निवासी महिला ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि क्षेत्र के ही करन उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया जहां पर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

उसकी बेटी ने घर पर आकर उसको सारी घटना बतायी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फेसबुक पर तमंचे सहित फोटो अपलोड करना पड़ा महंगा, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। फेसबुक पर तमंचे के साथ फोटो अपलोड करना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार वसीम पुत्र उमरदीन निवासी अलीनगर पुलभट्टा द्वारा कुछ दिन पूर्व फेसबुक पर तमंचे के साथ अपना फोटो अपलोड किया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए थाना पुलभट्टा पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गयी थी। जिसे पुलिस ने कल देर रात अलीनगर स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एन.आई.वी.एच राजपुर रोड देहरादून में संकल्प दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय दृष्टि बाधित संस्थान को 25 लाख रूपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एन.आई.वी.एच में बच्चों से मिलकर आत्मीय शांति और संतोष का अनुभव हुआ है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प शक्ति एवं इच्छा शक्ति ऐसी शक्तियां हैं, जिनसे हम सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा हर संभव सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आज दिव्यांग अनेक क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं के दम पर सराहनीय कार्य भी कर रहे हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, एन.आई.वी.एच. के निदेशक हिग्मांशु दास एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

विभ्राजमान

उषसामुपस्थाद्रेभैरुदेत्यनुमद्यमानः।

एष मे देवः सविता चच्छन्द यः समानं न प्रमिनाति धाम॥

(ऋग्वेद ७-६३-३)

परमात्मा का दिव्य ज्ञान का प्रकाश प्रारंभ से ही सभी पर समान रूप से पड़ता है। परमेश्वर किसी के साथ भी पक्षपात नहीं करता। उस दिव्य प्रकाश को कोई ग्रहण करके अपने जीवन को सफल बना लेता है, कोई ऐसा नहीं कर पाता। हमें उस परमेश्वर की ही उपासना करनी चाहिए किसी अन्य की नहीं।

The light of divine knowledge of God falls on everyone equally from the very beginning itself. God never discriminates. Some make their lives successful by accepting that divine light. Some may not. We should worship only that God and nothing else.

(Rig Veda 7-63-3)

# भर्तियों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उक्रांद का धरना 18वें दिन जारी

संवाददाता

देहरादून। भर्तियों सीबीआई जांच की मांग को लेकर उत्तराखण्ड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ का अनिश्चितकालीन धरना 18वां दिन व क्रमिक अनशन पांचवे दिन भी जारी रहा।

आज यहां उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ द्वारा जारी अनिश्चितकालीन धरने के 18 तथा क्रमिक अनशन के पांचवें दिन विभिन्न भर्तियों में घोटाले एवं सीबीआई जांच को लेकर जिला अध्यक्ष दीपक रावत, रेखां, शकुंतला रावत तथा प्रमिला रावत हड़ताल पर बैठे। भूख हड़ताल पर वरिष्ठ नेता रेखा ने कहा आज 18 दिन होने के बाद भी सरकार ने विवादित भर्ती परीक्षाओं के विषय में कोई भी स्पष्ट निर्देश नहीं दिया है यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता कि युवा, मातृशक्ति सब आज सड़कों पर है। इस अवसर पर आगे प्रमिला रावत ने कहा उत्तराखंड क्रांति दल ही वह दल है जिसमें यह राज्य बनाया और यह विडंबना देखिए कि 22 सालों बाद भी जिस उद्देश्य हेतु इस राज्य का निर्माण किया गया था वह तो पूरा हुआ नहीं उल्टा राज्य के लोगों को सड़कों पर नारे लगाने के लिए मजबूर कर दिया गया है। वरिष्ठ आंदोलनकारी नेता शकुंतला रावत ने कहा कि सरकार सीबीआई जांच के आदेश इसलिए नहीं दे रही है कि इन भर्ती धांधली के पीछे कई सफेदपोश के नाम आ रहे हैं और तो और धरने को खत्म करने के लिए विभिन्न प्रकार की साजिशें की जा रही है किंतु हम यह सरकार को बता देना चाहते हैं की उत्तराखंड क्रांति दल पहले राज्य बनाने के लिए लड़ा और अब उसी राज्य को बचाने के लिए एक और आंदोलन 1994 की तर्ज पर किया जाएगा और इसका पूर्ण दायित्व सरकार का ही होगा। धरने पर पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक बीडी रतूड़ी, राजेंद्र बिष्ट, जय प्रकाश उपाध्याय,दीपक रावत, किरण रावत, प्रीति थपलियाल, राजेश्वरी रावत ,मंजू बहुगुणा , सरोज कश्यप , ममता, संजीव भट्ट ,मोहन सिंह भंडारी, बिपिन रावत, जितेंद्र पवार आदि उपस्थित थे।

# जोशी ने मिठाई खिलाकर सीएम धामी को दी जन्मदिन की बधाई



संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके आवास में पहुंचकर मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। आज यहां प्रदेश की कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सीएम आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मिठाई खिलाकर जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही उनके दीर्घायु की भी कामना की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि जो परिकल्पना है कि उत्तराखण्ड को 2025 तक हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में हो इस दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य के समग्र विकास के लिए कृत संकल्पित है।



# कैलाश यात्रियों ने सीएम के जन्मदिवस पर किया पौधारोपण

संवाददाता

पिथौरागढ। कैलाश यात्रियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर मानसरोवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया।

आज यहां पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आवास गृह के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में 24 वे यात्री दल का भव्य स्वागत किया गया। यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में आज आदि कैलाश यात्रियों ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर मानसरोवर यात्री वाटिका में बृहद स्तर पर पौधारोपण किया। और उनको जन्मदिन की बधाई दी। यात्री दल खराब मौसम के कारण आज भी पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में रुका हुआ है। यात्री दल का स्वागत करने वालों में पदम सिंह, वेद प्रकाश, शेर सिंह, हर सिंह, नरेंद्र थापा, गोपाल बिष्ट, महेश कुमार, संदीप रावल, दीपक बिष्ट थे। वही दल के कोऑर्डिनेटर नरेश वारियाल व नवीशेक भट्ट हैं।

# मारपीट में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बडोवाला निवासी अभिषेक ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने दोस्त हिमांशु के साथ चार खम्बा रोड की तरफ जा रहा था तभी उनको भानू गोयल, यश ठाकुर, सुहेल कुरेशी व अन्य युवकों ने घेर लिया तथा उनके साथ गाली गलौच करने लगे उन्होंने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उनके साथ मारपीट कर उनको घायल कर दिया। जब आसपास के लोग बीच बचाव करने आये तो सभी हमलावर उनको जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

# सीएम धामी ने छात्रों एवं जवानों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सीमाद्वार, देहरादून में आई.टी.बी.पी द्वारा संकल्प दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों एवं जवानों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सेना एवं विद्यार्थियों से जुड़े कार्यक्रम हमेशा नई ऊर्जा देते हैं। अनेकता में एकता ही भारत की विशेषता है। हमारे जवान देश की सुरक्षा से लेकर हर क्षण सेवा हेतु तत्पर रहते हैं। सैनिकों एवं उनके परिवार का जीवन हमेशा ही संघर्ष भरा रहता है। हमारी सेना एवं अर्धसैनिक बलों का इतिहास हमेशा से ही शौर्य और पराक्रम का रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया। अब देश का अमृतकाल शुरू हो चुका है।

इस अवसर पर विधायक सुरेश गड़िया, आईजी आई.टी.बी.पी नीलाभ किशोर, आईटीबीपी के अन्य अधिकारी व जवान तथा केंद्रीय विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

# मकान किराये पर लेने के नाम पर हजारों रूपये की ठगी

संवाददाता

देहरादून। स्वंय को सेना का जवान बताकर मकान किराये पर लेने के बहाने हजारों रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहिनी रोड निवासी शिशिर प्रशांत ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपने आपको सेना का जवान बताते हुए उसका मकान किराये पर लेने की बात कही। जिसके बाद उक्त व्यक्ति अमित कुमार ने उसको एडवांस किराया देने के लिए उसका एकांउट नम्बर मांगा तथा किराया गूगल पे से करने का कहकर उसके खाते की जानकारी ली जिसके बाद उसके खाते से 24 हजार 999 रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ महिला सहित पांच गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने शराब के साथ एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने नटराज चौक के पास स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह स्कूटी तेजी से भगाकर ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 48 पव्वे शराब के बरामद कर लिये।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजेन्द्र पुत्र रामकला निवासी नई जाटव बस्ती बताया। वहीं विकासनगर कोतवाली पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों को 110 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रीना पत्नी राकेश निवासी ग्राम कुंजा, नवीन उर्फ निप्पू निवासी मलुकावाला, फरोज पुत्र निशारत निवासी खादर बस्ती बताया। इसके साथ ही नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने दीपनगर पुल के पास से एक मोटरसाईकिल सवार को 50 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रिंस पुत्र राजकुमार निवासी दीपनगर बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुस्ता टूटने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा

देहरादून। पुस्ता टूटने पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दरोगा राकेश चौधरी ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि ठेकेदार नवीन गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में पुस्ते का निर्माण किया गया।

अतिवृष्टि होने पर पुस्ता खतरनाक तरीके से टूट गया जिससे कोई जन हानि नहीं हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विधानसभा भर्ती की पत्रावलियां मुहैया न कराने के पीछे कौनःनेगी

संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि वर्ष 2021-2022 में विधानसभा में हुई भर्तियों की पत्रावली मुहैया कराने के मामले में उच्चाधिकारी के आदेश अनुभाग अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। जिससे यह साफ होता है कि अनुभाग अधिकारी के पीछे कोई है।

आज यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि वर्ष 2021-22 में विधानसभा में हुई भर्तियों की पत्रावली मुहैया कराने के मामले में उच्चाधिकारी के आदेश मानने को अनुभाग अधिकारी बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं।

ऐसे में भर्तियों में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच सवालिया घेरे में है। नेगी ने



कहा कि उपसचिव (लेखा) द्वारा अनुभाग अधिकारी, अनुष्ठान अनुभाग,विधान सभा सचिवालय को 2/6/ 22, 5/7/ 22, 25/ 7/22 एवं 8/9/22 के माध्यम से पत्र प्रेषित कर भर्तियों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीतने के उपरांत भी उनके आदेश को हर बार अनसुना कर दिया गया।

नेगी ने कहा कि आखिर किसके निर्देश पर अनुभाग अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत बड़ा दबाव इन महाशय पर है। मोर्चा विधानसभा अध्यक्ष से इस प्रशासनिक संकट के मामले में हस्तक्षेप की मांग करता है।

# नीतीश बचा सकते हैं कांग्रेस को

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके विरोधी भी बहुत होशियार राजनेता मानते हैं। पिछले करीब ढाई दशक से वे सत्ता में हैं और अब तक बहुत सुरक्षित और सधा हुआ दांव खेलते रहे हैं। पहली बार उन्होंने अपने को इतने बड़े दांव पर लगाया है। विपक्षी एकजुटता का दांव उनके कौशल की परीक्षा है। उनका पहला लक्ष्य भाजपा को रोकना दिख रहा है लेकिन उनके इस प्रयास का फायदा कांग्रेस को हो सकता है। नीतीश को इस बात का अंदाजा है। ध्यान रहे बिल्कुल हाशिए पर पहुंच गई कांग्रेस को बिहार में 2015 के चुनाव में नीतीश के कारण ही संजीवनी मिली थी। इस बार फिर कांग्रेस को संजीवनी दिला सकते हैं नीतीश। उन्होंने नई दिल्ली में राहुल गांधी से मिल कर साफ कर दिया है कि वे भाजपा विरोधी मोर्चा कांग्रेस के बगैर नहीं बन सकता है। राहुल से मिलने के बाद नीतीश जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिले और दिल्ली आने से पहले के चंद्रशेखर राव उनसे मिलने पटना गए थे। ये दो ऐसे राज्य हैं, जहां अगर नीतीश कुमार दोनों प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का तालमेल करा देते हैं तो कांग्रेस को बहुत बड़ा फायदा हो सकता है। कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार थी, जिसे भाजपा ने गिरा दिया। अगर नीतीश के प्रयास से दोनों पार्टियां साथ मिल कर लड़ने को तैयार हो जाती हैं तो अगले साल मई में कर्नाटक में फिर उनकी साझा सरकार बन सकती है और 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों की सीटें बढ़ जाएंगी। राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस और जेडीएस दोनों को सिर्फ एक-एक सीट मिली है। वहां बड़ा उलटफेर हो सकता है। इसी तरह तेलंगाना की 17 में से कांग्रेस को सिर्फ तीन सीट मिली है। वहां भी अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। टीआरएस और कांग्रेस के मिल कर लड़ने पर भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलेगा। लेकिन अगर दोनों के बीच सीटों का रणनीतिक तालमेल होता है तो उसका फायदा हो सकता है। नीतीश कुमार के प्रति विपक्षी नेताओं का जो सद्भाव है उसका इस्तेमाल कर अगर वे कुछ और राज्यों में कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों के बीच तालमेल बनवाते हैं तो उसका बड़ा लाभ कांग्रेस को होगा। ऐसे दो राज्य हैं- उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। अखिलेश यादव अभी कांग्रेस से बहुत नाराज हैं। लेकिन उनको भी पता है कि वे अकेले भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। सपा, कांग्रेस और रालोद का गठबंधन हो तो तीनों पार्टियों को फायदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के दो सांसद हैं और लेफ्ट का एक भी सांसद नहीं है। अगर नीतीश ममता बनर्जी को कांग्रेस के रणनीतिक तौर पर सीटों के एडजस्टमेंट के लिए तैयार करते हैं तो कांग्रेस को उसका भी फायदा होगा। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कांग्रेस के पास सहयोगी है। जहां तक आम आदमी पार्टी की बात है तो उसे गठबंधन में लाना संभव नहीं लग रहा है। (आरएनएस)

# महिला से मारपीट में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम रोड सेलाकुई निवासी महिला ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार गयी थी जब वह वापस आ रही थी तभी राज रोशन कंडेरी ने उसका रास्ता रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सीनियर सिटीजन क्लब ने रेफल होम्स को वाशिंग मशीन भेंट की

देहरादून (सं)। एक्स ओएनजीसी वाइफ एसोसिएशन (सीनियर सिटीजन क्लब) ने रेफल होम पहुंचकर वाशिंग मशीन भेंट की। आज यहां (एसओडब्लूए) यानी स्वयं सिद्धा एक्स ओएनजीसी वाइफ एसोसिएशन जो कि देहरादून का एक मात्र सीनियर सिटीजन क्लब है। आज के दिन को अपने सामाजिक कार्य के लिए चुना है। क्लब की अध्यक्षया मति रुक्साना हुसैन और श्रीमति मंजू चौधरी तथा क्लब की सदस्याओं ने मिलकर रेफल होम्स जाकर बच्चों को खानपान की सामग्री दी और एक वॉशिंग मशीन भेंट की। रेफल होम्स जो कि दिव्यांग बच्चों का स्कूल है और कृष्णा धाम गऊशाला जोकि बनिया वाला डोईवाला में है वहाँ जाकर 36 हजार की दवाईयाँ घायल गायों के इलाज के लिए दी कुछ 11710 नकद रक्म और चोकर, खल ,सेंधा नमक अन्य खाद्य सामग्री दी और सदस्यों ने अपने हाथों से बनी रोटियाँ गायों को खिलाई सभी सदस्याओं को यह सामाजिक कार्य करते हुए काफी प्रसन्नता का अनुभव हुआ कि समाज के लिए स्वयंसिद्धा ने एक छोटी सी सहायता करने की कोशिश की है। इस ओर एक छोटा सा कदम बढ़ाया है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# पेट के बल सोना स्वास्थ्य के लिए माना जाता है नुकसानदायक



अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद और अच्छी नींद के लिए सही तरीके से सोना बेहद जरूरी है क्योंकि इससे हमारा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। खासकर अगर कोई पेट के बल सोता है तो इस अनुचित स्थिति में सोने से नींद में बाधा, तनाव में वृद्धि और खराब परिसंचरण हो सकता है। आइए आज पेट के बल सोने के नुकसान समेत उन मुद्रा के बारे में जानते है, जिनमें सोने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

पेट के बल सोने के नुकसान

विशेषज्ञ पेट के बल सोने को सबसे खराब नींद की मुद्रा मानते हैं क्योंकि यह फेफड़ों और छाती पर बहुत अधिक दबाव डालता है, जो आपके सांस लेने के कार्य को बाधित कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इससे पीठ समेत गर्दन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और रक्त प्रवाह में कमी भी होती है। एक और नींद की मुद्रा है, जिससे आपको बचना चाहिए वह है भ्रूण की मुद्रा। इसके कारण पीठ की विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

पीठ के बल सोना

अगर आप पीठ के बल सोएंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। जब आप पीठ के बल सोएं तो एक तकिए को अपने घुटनों के नीचे और एक तकिए को अपनी पीठ के नीचे रखें। वैसे जब पीठ या कंधे में दर्द हो तो आपको जिस मुद्रा में सोने से आराम महसूस हो, आप उसी मुद्रा में सोएं। हालांकि, अगर आप पीठ के बल सोएंगे तो आपको जल्दी आराम मिलेगा।

बाईं करवट सोना

अगर कभी भी आपको पेट में दर्द या फिर गैस जैसी समस्या हो तो भी आप अपने सोने की मुद्रा पर ध्यान दें क्योंकि इससे आपकी समस्याएं जल्द दूर हो सकती हैं। ऐसी समस्याओं से राहत पाने के लिए आपको बाईं करवट लेकर पैरों को थोड़ा मोड़कर सोना चाहिए। दरअसल, इस मुद्रा में सोने से पाचन क्रिया पर सकारात्मक असर पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप पेट में दर्द और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

पैरों और पीठ के नीचे तकिया रखकर सोना

महिलाओं में पीरियड्स हर माह होने वाली प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसके दौरान उन्हें कई बार पेट, पैर और पीठ में दर्द का सामना करना पड़ जाता है। इस तकलीफ से बचने के लिए अगर महिलाएं अपने दोनों घुटनों के नीचे तकिया लगाकर सोएंगी तो बेहतर होगा। इसके अलावा, गले में दर्द से राहत पाने के लिए सिर के साथ-साथ पीठ के नीचे तकिया लगाकर सोना फायदेमंद सिद्ध होगा।

गर्भावस्था

गर्भावस्था के दौरान किस मुद्रा में सोना है सही?

विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान करवट लेकर सोना सबसे अच्छी मुद्रा है और गर्भवती महिलाओं को अपनी पीठ या पेट के बल सोने से बचना चाहिए। अगर आप गर्भवती हैं तो आपके लिए बाईं करवट लेकर सोना स्वास्थ्यवर्धक साबित हो सकता है क्योंकि इससे प्लेसेंटा और आपके बच्चे तक पहुंचने वाले रक्त और पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती है। अगर आपको पीठ की समस्या है तो भी यह मुद्रा आपके लिए फायदेमंद होगी।

# योगिता बिहानी ने उर्फी जावेद को भी किया फ़ेल

उर्फी जावेद को लोग उनके अलग ड्रेसिंग सेंस होने के वजह पसंद करते है. लेकिन अब उर्फी जावेद को टक्कर देने के लिए एक और हीरोइन आ गयी है. अभी हाल ही में, ओटीटी पर काम कर चुकी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट, इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जो बहुत ही वायरल हो रहा है. एक फोटोशूट के तहत खींची गईं तस्वीरों में इस एक्ट्रेस ने अपना बेहद बोल्ड रूप दिखाया है. इस एक्ट्रेस ने अपने बदन पर सिर्फ झालर डालकर कई सारे पोज किये. चलिए आपको पूरी स्टोरी बताते है.

दरअसल जिस एक्ट्रेस की बात हम कर रहे है उनका नाम योगिता बिहानी है. योगिता बिहानी करण कुन्द्रा और अनिल कपूर के साथ काम कर चुकी हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता और करण ने एएलटी बालाजी पर 'दिल ही तो है' नाम का एक शो किया था जिसके बहुत सारे सीजन आए. योगिता ने अनिल कपूर के साथ नेटफ्लिक्स फिल्म 'एके वीएस एके' में भी काम किया है.

आपकी जानकारी के लिए बता दे योगिता बिहानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं. उन फोटो में उनका लुक और ड्रेसिंग स्टाइल काफी बोल्ड है. उन्होंने फोटो में बिकीनी जैसा कुछ पहना हुआ है जिसपर लंबी-लंबी झालर लटक रही है.

इस फोटो में योगिता के बाल बंधे हुए हैं और फोटो में झालर उनके शरीर से हटती हुई नज़र आ रही है. इस फोटो में उनके एक्सप्रेशन कमाल के है.

## शब्द सामर्थ्य -66

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 65 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा किया रिलीज

गायिका ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा रिलीज किया। संदीप गौर के गीत के साथ गौरव चटर्जी द्वारा रचित रोमांटिक गाने में, गायिका ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है। ट्रैक, जो एकतरफा प्यार की कहानी कहता है, में बांसुरी वादन भी है जो कुछ हद तक जब वी मेट के आओगे जब तुम जैसा है। गाने के बारे में बात करते हुए, ध्वनि ने कहा, एक तरफा उस तरह के गानों से बहुत अलग है जो मैंने पहले किया है। इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की है और यह बहुत खुबसूरत गाना है। एक तरफा एक बेहद खास गाना है और हमने इसे बहुत प्यार दिया है, और मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे पूरा प्यार देंगे। संगीतकार गौरव चटर्जी ट्रैक के मूड और भावनाओं में उदासी की भावना का संचार करना चाहते थे, इसलिए हमने एक साधारण राग बजाया जो उदासी को प्रतिबिंबित कर सके। गौरव ने कहा, हमने इसके लिए माधुर्य को वास्तव में सरल लेकिन उदास रखा है। एक तरफा एक भावपूर्ण गीत है। विनोद भानुशाली द्वारा प्रस्तुत एक तरफा हिट्ज म्यूज़िक पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# महिलाओं पर लिखे जा रहे कंटेंट से खुश हैं रसिका दुग्गल

दिल्ली क्राइम और मिजार्पुर जैसे शो के साथ डिजिटल स्पेस में महिला शक्ति के आगे बढ़ने के साथ, अभिनेत्री रसिका दुग्गल महिलाओं के बारे में लिखे जा रहे कंटेंट से खुश हैं। उन्हें लगता है कि पहले कुछ महिला केंद्रित फिल्में सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर बनती थी। यह पूछे जाने पर कि ओटीटी क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व करने और कंटेंट बनाने के बारे में वह कैसा महसूस करती हैं, रसिका ने कहा, महिलाओं के बारे में जिस तरह के कंटेंट लिखे जा रहे हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं रसिका, जो वर्तमान में नेटफ्लिक्स सीरीज दिल्ली क्राइम की दूसरी किस्त में दिखाई दे रही हैं, ने कहा, स्क्रिप्ट में पहले कोई बारीकियां नहीं होतीं थी कि वास्तव में महिलाएं किस तरह की पीड़ा से गुजर रही हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह सब बदल गया है। २००७ में अनवर से अपने अभिनय की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री को लगता है कि महिलाओं से संबंधित कंटेंट के मामलों में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब महिलाओं के बारे में लिखे गए किरदार.. दिल्ली क्राइम इसका एक बहुत अच्छा उदाहरण है। रसिका अगली बार मिजार्पुर की तीसरी किस्त में दिखाई देंगी, जहां वह खूंखार गैंगस्टर कालेन भैया की पत्नी बीना त्रिपाठी की भूमिका को फिर से निभाएंगी।

# शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में ओपनिंग नाइट में यामी गौतम की लॉस्ट का प्रीमियर

अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म लॉस्ट का शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग नाइट पर वर्ल्ड प्रीमियर होगा। अपने सोशल मीडिया पर ले जाते हुए, उन्होंने घोषणा पत्र लिखा, हमारी आगामी फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर की घोषणा करने के लिए मैं रोमांचित हूं, हैशटैग-सीएसएफफेस्टिवल की शुरूआती रात को हैशटैग-लॉस्ट स्क्रीनिंग 23 सितंबर को आयोजित की जाएगी। उनकी आने वाली फिल्म लॉस्ट 13वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए तैयार है। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा निर्देशित, लॉस्ट एक भावनात्मक थ्रिलर है जो एक उच्च खोज, सहानुभूति और अखंडता के खोए हुए मूल्यों की खोज का प्रतिनिधित्व करती है। इस बीच, यामी के पास ओएमजी 2 के साथ एक बहुत ही दिलचस्प लाइन-अप है, और अन्य दो परियोजनाओं पर उन्होंने काम किया है और आधिकारिक घोषणा की जानी बाकी है।

# अभिनेता जयम रवि अभिनीत सायरन पर काम हुआ शुरू

निर्देशक एंटनी भाग्यराज की एक्शन एंटरटेनर सायरन पर काम शुरू हो गया है। फिल्म में अभिनेता जयम रवि मुख्य भूमिका में हैं। होम मूवी मेकर्स की सुजाता विजयकुमार द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म की यूनिट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी और इसका बजट भी भारी भरकम होगा। फिल्म ने फिल्म प्रेमियों का भी ध्यान खींचा है क्योंकि एंटनी भाग्यराज, जिन्हें इरुंबु थिरै और विश्वसम जैसी सुपरहिट फिल्मों में एक लेखक के रूप में सराहा गया था, इस फिल्म के साथ निर्देशक के रूप में अपनी शुरूआत कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि, इस फिल्म में जयम रवि एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जो उन्होंने अपनी अब तक की किसी भी फिल्म में नहीं निभाया है। पारिवारिक भावनाओं से भरपूर इस एक्शन-थ्रिलर में अभिनेत्री कीर्ति सुरेश पहली बार जयम रवि के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसमें हास्य अभिनेता योगी बाबू और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समुथिरकानी भी होंगी। हाल ही में रिलीज हुए सायरन के मनोरंजक फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर ने फिल्म से उम्मीदें बढ़ा दी हैं।(आरएनएस)

# जल्द ही हिंदी मूवीज में वापसी करने जा रही है लॉरेन

लॉरेन गॉटलिब अपनी जबरदस्त डांसिंग स्किल्स के कारण से एक पापुलर नाम बन चुकी हैं। लॉरेन यूएस डांस रिएलिटी शो सो यू थिंक यू कैन डांस में कंटेस्टेंट के रूप में शोबिज में आ चुकी है। जिसके उपरांत उन्हें उनकी किस्मत इंडिया ले आई और इसके उपरांत इस देश में भी उन्होंने अपने डांस से धूम हंगामा मचा दिया है। लॉरेन ने बतौर डांसर कम एक्टर एबीसीडी के साथ फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश कर लिया है। जिसके उपरांत वो मूवी के सीक्वेल में दिखाई दी। अब जल्द ही लॉरेन एक और मूवी दिखाई दे चुकी है।



वैसे खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस लॉरेन कई प्रोजेक्ट्स का भाग रह चुकी हैं। लेकिन जिसके उपरांत वो काम से कुछ वक्त का ब्रेक लेकर स्लौट गई थी क्योंकि वो खुद पर और अपनी मेंटल हेल्थ पर फोकस करना चाह रही थी। हालांकि इस बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से अपने सभी फैन्स को एंटरटेन करना जारी रखा। लॉरेन ने फैन्स के लिए कई कमाल की डांस रील्स बनाई इसमें वो एलए की स्ट्रीट्स पर बॉलीवुड के गानों पर डांस करती नजर आने वाली है। अब फाइनली एक बैंग के साथ लॉरेन इंडिया लौट आई हैं और उनके पास कुछ प्रोजेक्ट्स भी पाइपलाइन में हैं।

इस डेवलेपमेंट से जुड़े एक क्लोज सोर्स ने खुलासा कर दिया है कि लॉरेन गॉटलिब ने अपनी अगली बॉलीवुड मूवी जल्द साइन करने जा रही है। सोर्स का कहना हैं, लॉरेन एक फैमिली एंटरटेनर के लिए एक बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ वार्ता कर रही है।

मेकर्स एक ऐसा चेहरा चाहते थे जो ग्लोबल अपील रखता हो और लॉरेन इस रोल में एकदम फिट बैठती है। अभिनेत्री फिलहाल मेकर्स के साथ वार्तालाप कर रही हैं और उनहोंने अभी तक इस पर साइन नहीं किया है। लेकिन ऐसा लगता है कि यह जल्द डील फाइनल होती दिख रही है और फिर इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दिया है। लॉरेन कुछ महीने पहले ही यूएस से इंडिया लौटी थी और इसके उपरांत वो काम की तलाश में थी और अब ऐसा लग रहा था कि चीजें जल्द ही फाइनल होने वाली हैं।

# लायंसगेट इंडिया स्टूडियो की पहली फिल्म में नजर आएंगे नीतू कपूर और सनी कौशल

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर लायंसगेट इंडिया स्टूडियोज की पहली फीचर फिल्म में अभिनेता सनी कौशल और श्रद्धा श्रीनाथ के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी।

यह फिल्म एक मां और उसके बेटे के बीच के खूबसूरत और भरोसेमंद रिश्ते के पहलुओं को दर्शाएगी।

नीतू कपूर ने कहा, जब मैंने पटकथा पढ़ी, तो मुझे बहुत पसंद आई। यह आम मां-बेटे की कहानी से आगे निकल जाती है और एक अलग पक्ष की खोज करती है।

इसी कड़ी में सनी कौशल ने कहा, जिस क्षण मैंने कहानी पढ़ी, मुझे पता था कि यह एक विशेष फिल्म है, जिसका मुझे सिर्फ एक हिस्सा बनना है! यह सभी माताओं, उनकी इच्छाओं और उनके बलिदानों के लिए है!

कॉमेडी को अपने मुख्य आधार के रूप में इस्तेमाल करते हुए, मिलिंद धैमाडे द्वारा निर्देशित अनटाइटल्ड फिल्म, परिवारों, संचार और यादों के अभिन्न ताने-बाने के साथ-साथ हमें बड़े होने के लिए मजबूर करने में उनकी भूमिका को उजागर करती है।

धाइमडे ने कहा, मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि फिल्म बनाने में आपके साथ कौन भागीदारी कर रहा है, क्योंकि एक फिल्म फर्श पर जाने से पहले ही बन जाती है। यह यह एक मां-बेटे का रिश्ता है जो किसी भी क्षेत्र के सभी लोगों के साथ प्रतिध्वनित होगा, और हमारी कास्टिंग पूरे भारत के दर्शकों को एक संबंधित कहानी से जुड़ने में मदद करेगी।

श्रद्धा ने कहा, मुझे इसे पढ़ते हुए बहुत अच्छा लगा, हम सभी अंधेरे, रोमांचकारी और दिमाग को मोड़ने वाली सामग्री देखने और बनाने में इतने व्यस्त हैं, ऐसी पर्याप्त फिल्में नहीं हैं जो क्षणों और रिश्तों और जीवन की सादगी पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

रोहित जैन, एमडी, साउथ एशिया एंड नेटवर्क्स - इमर्जिंग मार्केट्स एशिया, लायंसगेट ने कहा, लायंसगेट वैश्विक विकास रणनीति में इस क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए भारत में निवेश को लेकर उत्साहित है। भारत में लायंसगेट स्टूडियोज को अपनी पहली हिंदी फिल्म की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमें यकीन है कि यह दर्शकों को पसंद आएगी।

# हश हश से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी जूही चावला और आयशा जुल्का

आज के दौर में ओटीटी प्लेटफॉर्म मनोरंजन का लोकप्रिय मंच बन चुका है। बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार ओटीटी पर अपनी शुरुआत कर चुके हैं। अब ९० की दशक की दो अभिनेत्रियां जूही चावला और आयशा जुल्का जल्द ओटीटी पर अपना डेब्यू करेंगी। ये दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज हश हश में नजर आने वाली हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम ने आज इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की है।

अमेजन प्राइम ने सोशल मीडिया पर इस सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया है। अमेजन प्राइम ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, कुछ शोर करना चाहता था, क्योंकि यह घोषणा का दिन है, लेकिन हम इस मौके पर चुप रहना पसंद करेंगे। हश हश 22 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी।

यह एक थ्रिलर ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर तनुजा चंद्रा करेंगी। इसे एक महिला केंद्रित सीरीज माना जा रहा है।

विक्रम मल्होत्रा के नेतृत्व वाली अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा इस सीरीज का निर्माण किया जाएगा। इसमें जूही और आयशा के अलावा सोहा अली खान, कृतिका कामरा, शाहाना गोस्वामी और करिश्मा तन्ना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सीरीज उन महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है, जिनकी परफेक्ट लाइफ तब खत्म होनी शुरू हो जाती है, जब एक अप्रत्याशित घटना उनके अतीत के रहस्यों को सामने लाती है। इसकी कहानी झूठ, छल और फाइटिंग पेट्रीआर्की को एक्सप्लोर करती है।

अमेजन प्राइम वीडियो की इंडिया ओरिजिनल्स हेड अपर्णा पुरोहित ने सीरीज को लेकर अपना अनुभव शेयर किया है। उन्होंने कहा, महिलाएं आबादी की ५० फीसदी हैं, फिर भी उनके द्वारा बताई गई कहानियां और उनका दृष्टिकोण बहुत कम है। प्राइम वीडियो में हम विविधतापूर्ण और प्रासंगिक महिला केंद्रित कहानियां को एक वैश्विक मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। और हश हश के साथ हम महिला प्रधान कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे ले जा रहे हैं।

जूही ने फिल्मी करियर की शुरुआत 1986 में आई फिल्म सल्तनत से की थी। उन्होंने लोफर, नाजायज, इश्क, मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, झूठ बोले कौवा काटे, एक रिश्ता, आमदनी अट्ठनी खर्चा रुपैया और गुलाब गैंग जैसी फिल्मों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आयशा की बात करें तो उन्होंने कुर्बान से बॉलीवुड में कदम रखा था। जो जीता वही सिकंदर और खिलाड़ी जैसी फिल्मों में वह काम कर चुकी हैं। सुष्मिता सेन ने वेब सीरीज आर्या के जरिए अपना डिजिटल डेब्यू किया है। आर्या 2 में भी उन्होंने अपने अभिनय का तड़का लगाया। अब दर्शकों को आर्या 3 का इंतजार है। वेब सीरीज द फेम गेम के जरिए माधुरी दीक्षित ने हाल में अपना ह्ल्ल्ल्ल डेब्यू किया है। यह सीरीज 25 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। करिश्मा ने २०२० में मेंटलहुड के साथ अभिनय में अपनी वापसी की थी। यह ओटीटी पर उनका डेब्यू प्रोजेक्ट था।

# भारतीय मत्स्यपालनः समृद्धि की ओर अग्रसर

डॉ. एल. मुरुगन

न सिर्फ सभ्यता के विकास के चक्र में, बल्कि सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताओं की कहानियों में भी 'मछली' का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे पुराणों में भगवान विष्णु के पहले अवतार 'मत्स्यावतार' का उल्लेख है। प्राचीन तमिलनाडु के खूबसूरत संगम साहित्य में मछुआरों के जीवन और घुमावदार नावों (अकानानुरु) का विशद वर्णन है। सिंधु घाटी की खुदाई में मिले प्रमाण हमें प्राचीन भारत में व्यापक स्तर पर मत्स्यपालन के प्रसार की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं। विस्तृत तटीयरेखाओं और विशाल नदियों वाला भारत मत्स्य संसाधनों के मामले में बेहद समृद्ध है। हमारी संस्कृति में शुरू से ही मछली और मछुआरों का एक केन्द्रीय स्थान रहा है।

आजादी के बाद भारत में मत्स्यपालन क्षेत्र का विकास विभिन्न राज्यों की पहल, प्राथमिकताओं और संसाधनों के अनुरूप अलग-अलग गति व दिशाओं में हुआ। केन्द्र सरकार की कम भागीदारी या उसके द्वारा अपर्याप्त निवेश (विभिन्न रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक केन्द्र सरकार की ओर से मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए महज 3682 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई थी) के कारण भारतीय मत्स्यपालन बेहद उपेक्षित रहा। बीमा, सुरक्षा किट, ऋण सुविधा, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया और विपणन के मामले में बेहद कम सहायता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत के साहसी मछुआरे जर्जर नौकाओं पर सवार होकर समुद्र में अपना उद्यम जारी रखते रहे। आजादी के 67 साल बाद भी, करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया।

यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर एक निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता श्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केन्द्र में एक निर्णायक सरकार चुनी।

पीएम मोदी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केन्द्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केन्द्रित किया। पिछले आठ वर्षों के दौरान कई अन्य पहलों के अलावा, नीली क्रांति योजना, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के रूप में मत्स्यपालन के क्षेत्र में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।

इन कदमों ने 'सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव' के मंत्र का पालन करते हुए बाधाओं को दूर किया और मत्स्यपालन के क्षेत्र की बेड़ियों को खोल दिया। इससे भारत के मछली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित हुई। मछली का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 102 लाख टन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 161 लाख टन हो गया। मोदी सरकार के पहले पांच वर्षों में मत्स्यपालन क्षेत्र औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जबकि यह वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2009-10 से लेकर 2013-14 तक 5.27 प्रतिशत थी।

अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मत्स्यपालन क्षेत्र के अधिक केन्द्रित और समग्र विकास के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। वर्ष 2020 में, प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। पीएमएमएसवाई भारतीय मत्स्यपालन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली मुख्य प्रेरक शक्ति साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 तक इस योजना में मत्स्य उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता और निर्यात में तेजी से वृद्धि करने की परिकल्पना की गई है। इसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया में होने वाले नुकसान को काफी कम करने और देश में मछली की खपत बढ़ाने की भी परिकल्पना की गई है।

विभिन्न सुधारों और पहलों की वजह से भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में मुख्य बुनियादी ढांचे का विकास और आधुनिकीकरण हुआ है। विशेषकर, मछली पकड़ने के नए बंदरगाहों/लैंडिंग केंद्रों की स्थापना, मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक शिल्प का आधुनिकीकरण व मोटरीकरण, गहरे समुद्र में जाने वाले जहाज, मछली पकड़ने के बाद की सुविधाओं की व्यवस्था, कोल्ड चेन, साफ एवं स्वच्छ मछली बाजार, बर्फ के बक्से वाले दो पहिया वाहन और कई अन्य बातों को बढ़ावा मिला है। मछुआरों को बीमा कवर, वित्तीय सहायता और किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान की गई है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया ने आयात के लिए स्वच्छता परमिट (एसआईपी) प्राप्त करने में लगने वाले समय को 45 दिनों से घटाकर केवल 48 घंटे कर दिया है। स्वीकृत स्रोतों से एसपीएफ श्रिम्प ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए एसआईपी की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है, जिससे झींगा पालन से जुड़े सैकड़ों हैचरी को मदद मिली है। सरकार ने झींगा जलीय कृषि के लिए आवश्यक कई सामग्रियों पर लगने वाले आयात शुल्क को भी घटा दिया है, जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

मछुआरे हमारे गौरव हैं। मोदी सरकार 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के आदर्श वाक्य के साथ मछुआरों व महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। मत्स्यपालन के क्षेत्र का विविधीकरण किया जा रहा है। अब, तमिलनाडु की महिलाएं समुद्री शैवाल की खेती कर रही हैं, जबकि लक्षद्वीप की महिलाएं कृत्रिम मत्स्यपालन को विकसित कर रही हैं। हमारे असमिया मछुआरे ब्रह्मपुत्र में रिवर रैंचिंग को विकसित कर सकते हैं। उधर, आंध्र प्रदेश के उद्यमी जलीय कृषि में ठोस परिणाम देते हुए प्रति बूंद पर अधिक उत्पादन हासिल करते हैं। कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी ठंडे पानी की ट्राउट इकाइयां स्थापित कर रही हैं। हरियाणा की लवणयुक्त भूमि का उपयोग मत्स्यपालन के लिए किया जा रहा है। इस प्रकार, बंजर भूमि को धन देने वाली भूमि में परिवर्तित किया जा रहा है।

नए स्टार्ट-अप मत्स्यपालन के क्षेत्र में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, वित्त और उद्यमशीलता की भावना को आकर्षित कर रहे हैं और इस प्रकार एक मूक सामाजिक क्रांति भी ला रहे हैं। वर्तमान में भारतीय मत्स्यपालन का एक गौरवशाली उप-अध्याय जलीय कृषि के रूप में लिखा जा रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर झींगा के उत्पादन एवं निर्यात में अग्रणी बना रहा है। भारत जलीय कृषि का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक, मछली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और मछली एवं मछली से तैयार उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर ब्रांड इंडिया को 'स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर तक ले जा रहा है।

बाधाओं को दूर करके, प्रौद्योगिकी का समावेश करके, कल्याण की प्रक्रिया को फिर से वास्तविक लाभार्थियों की ओर मोड़कर, उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित कर और महिलाओं को सशक्त बनाकर भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र उन बेड़ियों से मुक्त हो गया है जो इसे आजादी के बाद से छह दशकों से अधिक समय तक जकड़े हुए थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार के आठ साल ने भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है। आज, जब हम पीएमएमएसवाई की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिए हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

*(लेखक केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री हैं)*

## सू- दोकू क्र.66

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 65 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# शी जिनफिंग से पूरे एशिया में खतरा

हरिशंकर व्यास

चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग पूरे एशिया के लिए खतरा बन रहे हैं। उनकी अनुदारवादी और सैन्य ताकत के दम पर भौगोलिक विस्तार करने की नीतियों ने पूरे एशिया को संकट में डाला है। अगले दो महीने में चीन में चुनाव होने वाले हैं, जिसमें शी जिनफिंग एक बार फिर नेता चुने जाएंगे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में शी की नीतियों पर सवाल उठाने वाले जो थोड़े से लोग बचे हैं वे सारे लोग इस बार चुनाव में रिटायर कर दिए जाएंगे। उसके बाद एक तरह से पूरी पार्टी और समूचे सिस्टम पर उनका एकछत्र राज होगा। उन्होंने अमेरिका को हटा कर चीन को दुनिया की नंबर एक महाशक्ति बनाने का ख्वाब देखा है और इसे पूरा करने का वे जो भी प्रयास करेंगे, उससे खतरा तो पूरी दुनिया के लिए पैदा होगा, लेकिन एशिया के देश सबसे ज्यादा भुगतेंगे।

शी जिनफिंग ने ताइवान के प्रति अपनी नीति की वजह से परमाणु युद्ध की स्थिति पैदा कर दी है। पहली बार ऐसा हुआ कि अमेरिका ने परमाणु हथियारों से लैस अपने दो युद्धपोत ताइवान स्ट्रेट में उतारा। इसके बाद चीन बैकफुट पर आया, उसका सुर बदला लेकिन वह ताइवान की घेराबंदी नहीं खत्म कर रहा है और न ताइवान के आसपास चल रहा सैन्य अभ्यास समाप्त कर रहा है। वह दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप बना कर उस पर सैन्य ठिकाना बना रहा है। उसने समूचे दक्षिण चीन सागर को मिलिट्राइज कर दिया है। यहीं काम वह हिंद महासागर में भी कर रहा था तभी अमेरिका ने धमकाने के अंदाज में कहा कि हिंद महासागर सबके लिए खुला होना चाहिए। अमेरिका की सीधी चेतावनी के बावजूद शी जिनफिंग इस जिद पर अड़े हैं कि ताइवान पर कब्जा करना है क्योंकि वह चीन का हिस्सा रहा है। दूसरी ओर ताइवान भी अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।

चीन ने जमीनी सीमा पर भारत की घेराबंदी के लिए श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देशों को अपनी आर्थिक कॉलोनी बनाई है। उसने दोनों को कर्ज के जाल में ऐसा फंसाया है कि दोनों देशों के लिए उसकी बात काट सकना संभव नहीं है। श्रीलंका में हाल में देखने को मिला कि भारत के विरोध के बावजूद चीन का जासूसी जहाज एक हफ्ते के लिए कोलंबो के हंबनटोटा बंदरगाह पर खड़ा रहा। भारत को चिंता है कि यह जासूसी जहाज भारत के परमाणु संयंत्रों और रणनीतिक ठिकानों पर नजर रखने और उनके बारे में सूचना जुटाने के लिए श्रीलंका के बंदरगाह पर खड़ा रहा। श्रीलंका ने भारत के दबाव में पहले चीन को मना किया था लेकिन अंत में उसको चीन के सामने घुटने टेकने पड़े। वह भारत की घेराबंदी के लिए लद्दाख में पैंगोंग झील के आसपास बड़े निर्माण कर रहा है और सैन्य तैयारियां कर रही है तो उधर सिक्कम में डोकलाम के आसपास भी सड़क, पुल आदि बना रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा कर रहा है। उसने भूटान, म्यांमार और नेपाल जैसे भारत के पड़ोसी देशों को पूरी तरह से अपने पर निर्भर कराया है और उनका नियंत्रण अपने हाथ में लिया है।

चीन ने समूचे एशिया और एशिया-प्रशांत की सुरक्षा को खतरे में डाला है। अगर ताइवान के साथ युद्ध की स्थिति बनती है या भारत के साथ चिंगारी भड़कती है तो उसके नतीजे बहुत भयावह होंगे। अगर चीन को लग रहा है कि रूस-यूक्रेन के युद्ध की तरह चीन-ताइवान युद्ध होगा तो ऐसा नहीं होगा। ताइवान की रणनीतिक स्थिति यूक्रेन जैसी नहीं है। अमेरिका हर हाल में ताइवान की रक्षा के लिए उतरेगा। फिर मुक्त और शांत एशिया प्रशांत के लिए बने चार देशों के समूह क्वाड को भी इसमें उतरना होगा। अमेरिका के अलावा भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी इसमें शामिल होंगे। फिर जो होगा उसकी कल्पना बहुत भयावह है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान शिव से प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

# जन भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास के लिए सरकार प्रयास कर रही हैः सीएम धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संकल्प दिवस के अवसर पर घंटाघर, देहरादून में संकल्प दौड़ का फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर कहा जन भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। उत्तराखंड की जनता से किए वायदों को पूरा करने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार से देवभूमि उत्तराखंड के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश की जनता के आशीर्वाद के लिए आभार



## मुख्यमंत्री ने संकल्प दौड़ का फ्लैग ऑफ किया

व्यक्त व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाया जायेगा। राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, संगठन मंत्री अजेय कुमार, पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित थे।

# 21 पेटी शराब व लाखों की नगदी सहित दो दबोचे

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जहरीली शराब कांड के बावजूद धर्मनगरी में बाहरी प्रदेशों से होने वाली शराब तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। आज सुबह पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोच कर उनके पास से 21 पेटी हरियाणा ब्रांड की शराब व एक लाख की नगदी तथा तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद की है।

जानकारी के अनुसार आगामी पंचायती चुनावों के मद्देनजर थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश-हरियाणा की तरफ से दो व्यक्ति एक स्वीफ्ट कार में आ रहे हैं जिनके वाहन में भारी मात्रा में अवैध हरियाणा, ब्रांड की शराब रखी है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस



ने माहड़ी चौक पर चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान मण्डावर की तरफ एक स्वीफ्ट कार आती हुई दिखायी दी। जिसे रोक कर तलाशी ली गयी तो उसमें रखी 21 पेटी हरियाणा ब्रांड की शराब व एक लाख की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम अमित पुत्र बीरमपाल निवासी ग्राम बावली थाना बडौत जिला बागपत व रजनीश कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी हसनपुर मदनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# लगभग 48 लाख की लागत के खोये हुए मोबाइल किए रिकवर

हमारे संवाददाता

नैनीताल। मोबाइल फोन गुमशुदगी की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर कुल 346 मोबाईल फोनों को रिकवर कर लिया है। जिनकी अनुमानित कीमत 48 लाख रूपये बतायी जा रही है।



जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मोबाइल एप्प (साईबर सैल) संजय कुमार के नेतृत्व में, आरक्षी नरेश सिंह मेहरा, आरक्षी किशन सिंह कुंवर, आरक्षी बलवन्त सिंह बिष्ट के द्वारा शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर माह जुलाई 2022 से अब तक की आई.एम.ई.आई. नम्बरों को एसओजी के माध्यम से सर्विलांस में लगाये गये थे। जिसके उपरान्त उक्त आई.एम.ई.आई. का प्रचलन में होना पाया गया, उक्त मोबाइलों को आई. एम.ई.आई. के आधार पर विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से कुल 346 मोबाइल फोन, मोबाइल एप्प टीम द्वारा बरामद किये गये। जिनकी अनुमानित कीमत 4796000 है। जिन्हे उनके मालिकों को लौटाया गया है।

# लाखों का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से लाखों का गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भतरौजखान पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाले




है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को पुलिस सहायता केन्द्र मोहान पर मरचुला की तरफ से आ रही एक संदिग्ध स्वीफ्ट डिजायर कार आती हुई दिखायी दी। जिसे रोका गया तो उसमें दो व्यक्ति सवार मिले। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे तीन कट्टे बरामद हुए जिनमें 39.320 किग्रा गांजा रखा हुआ था। इसके अतिरिक्त आरोपियों के पास से 1 लाख रूपये की नगदी बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम तरसेम सिंह पुत्र स्व. धरम सिंह निवासी बिशनपुर व जीवन आर्या पुत्र गोपाल राम. निवासी रतनपुर नैनीताल बताया। पुलिस ने उन्हे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बरामद गांजे की कीमत लगभग साढ़े पांच लाख रूपये बतायी जा रही है।

# मुख्य सचिव ने पिरुल के निस्तारण एवं अन्य उपयोगों के सम्बन्ध में ली बैठक

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में जंगलों को आग से बचाने के लिए पिरुल के निस्तारण एवं अन्य उपयोगों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में जंगलों की आग का मुख्य कारण पिरूल है, जिसके कारण हर साल अनमोल वन संपत्ति का नुकसान हो रहा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरुल के निस्तारण के बाद जंगलों की आग की संभावनाओं को कम किया जाने में मदद मिलेगी साथ ही इससे क्षेत्रीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को पिरुल के विभिन्न क्षेत्रों में कमर्शियल प्रयोग की संभावनाओं को तलाशे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पिरुल के प्रयोगों की अन्य संभावनाओं को तलाशे जाने



हेतु एक्सपर्ट्स या किसी इंस्टीट्यूशन को लगाए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरुल के ब्रिकेट कोयले के सब्स्टिट्यूट के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। उन्होंने इसके लिए पिरूल से बड़े स्तर पर ब्रिकेट बनाने हेतु वन विभाग को योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके प्लांट्स राज्य में हाई-वे के आसपास बनाए जाएं ताकि सप्लाई में आसानी हो। साथ ही, ब्रिकेट्स की मार्केटिंग के लिए थर्मल पॉवर प्लांट्स से संपर्क स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने छोटे ब्रिकेट प्लांट के लिए स्वयं सहायता समूहों को जोड़ते हुए छोटी योजनाएं संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के संचालन के लिए साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाए।

मुख्य सचिव ने पूर्व में संचालित पिरुल से बिजली बनाए जाने वाले प्रोजेक्ट की व्यवहार्यता की जांच किए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सचिव ने उत्तरकाशी में संचालित हो रहे पिरुल से बिजली उत्पादन हेतु लगाए गए प्लांट का स्वयं भी प्लांट में जाकर निरीक्षण करने की बात कही।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं डॉ. पंकज पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

# नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार

हाजीपुर। बिहार के हाजीपुर में नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने छात्रा को बंधक बनाकर उसके बॉयफ्रेंड के सामने इस घिनौनी घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इस वारदात को लेकर सियासी हंगामें के बाद बिहार पुलिस बैकफुट पर थी। वारदात के 5 दिन बाद पुलिस आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाब



रही। यह घटना बीते 10 सितंबर को हुई थी। जब नाबालिग अपने दोस्त से अकेले में बात कर रही थी। इस दौरान करीब 8 युवक पहुंचे और पुलिस की धौंस दिखाकर बारी-बारी से सबने लड़की के साथ गैंगरेप किया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने पीड़ित लड़की का बयान दर्ज कर उसका मेडिकल जांच कराई। लड़की नौवीं क्लास की छात्रा है। उसकी उम्र लगभग 13 साल है। पीड़ित लड़की का हालत ठीक है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो बनाया और रेप के दौरान नाबालिग बेहोश हो गई थी। जिसके बाद सभी युवक मौके से फरार हो गए थे।

# लड़की के साथ हैवानियत करने वाले 7 आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में आज पुलिस और प्रशासन ने सिटी फॉरेस्ट पार्क में लड़की के साथ हैवानियत कर उसका वीडियो वायरल करने वाले सात आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चला दिया। इन सातों आरोपियों के अवैध अतिक्रमण को ढहाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार कर जेल भेजे गए सात आरोपियों ने अवैध अतिक्रमण किया हुआ था। इन सातों आरोपियों ने बीते दिनों ही सिटी फारेस्ट पार्क में अपने दोस्त के साथ घूमने गई लड़की को निर्वस्त्र कर उसकी पिटाई करते हुए हैवानियत का वीडियो वायरल



किया था। यह सभी सातों अपराधी जेल में बंद है और उनके घरों के अवैध निर्माण पर नगर पालिका और पुलिस की टीम ने बुलडोजर चला दिया है। पुलिस ने बताया कि हमीरपुर में 16 अगस्त को हैवानियत की एक वारदात हुई थी, यहां एक युवती के साथ सिटी फॉरेस्ट इलाके में आधा दर्जन युवकों ने हैवानियत करते हुए उसका वीडियो बनाया था और उसे वायरल किया था, जिसपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अभी भी कुछ फरार हैं।

# बेगूसराय में 10 लोगों को गोली मारने वाले बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । बिहार के बेगूसराय जिलें में हुए गोलीकांड को लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है। विपक्ष नीतीश सरकार पर हमला बोल रही है। राज्य में जंगलराज रिटर्न्स तक की बात हो रही है। लेकिन अब पुलिस ने भी कड़ी कार्रवाई करते हुए सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के बयान के अनुसार, दो आरोपी बेगूसराय और दो बाकी बचे आरोपी झाझा से अरेस्ट हुए है। सभी मूल रूप से बेगूसराय के रहने वाले ही थे। पुलिस ने गुरुवार



की शाम सभी को अरेस्ट किया था। अब उनसे पूछताछ हो रही है। बता दें, ये घटना बेगूसराय में मंगलवार के शाम में घटी है , जहां चारों आरोपी बाइक पर बैठकर नेशनल हाइवे 28 से गुजर रहे थे और उनके रास्ते में जो भी व्यक्ति आ रहा था , वो उसपर गोली चला दे रहे थे। बदमाशों ने 10 लोगों को गोली मारी थी, जिसमें से 31 साल के चंदन कुमार की मौत हो गई थी। आरोपियों ने तकरीबन 30 किमी तक गोलियां चलाई थी।

# सीएम का संकल्पः राज्य बनेगा नंबर वन

विशेष संवाददाता

देहरादून। सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने जन्म दिवस पर अपनी प्राथमिकताएं दोहराते हुए कहा है कि 2025 तक उत्तराखंड को देश का नंबर वन राज्य बनाया जाएगा। उनका कहना है कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार और नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया है कि आगामी समय में होने वाली भर्तियां समय पर होंगी और पारदर्शी होंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस पर आज राजधानी दून में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें मुख्यमंत्री धामी ने शिरकत की। भाजपा उनके जन्मदिवस को संकल्प दिवस के रूप में मना रही है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।



❑भ्रष्टाचार व नशा मुक्त होगा प्रदेश
❑भर्तियां पारदर्शी बनाने का वायदा

मुख्यमंत्री धामी आज सबसे पहले परिवार सहित टपकेश्वर मंदिर पहुंचे, पूजा अर्चना के बाद उन्होंने कहा कि महादेव से उन्होंने प्रार्थना की है कि वह उनको अपने संकल्पों को पूरा करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगला दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा? इसी उद्देश्य को सामने रखकर वह और उनकी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। 2025 तक प्रदेश को भ्रष्टाचार और नशा मुक्त प्रदेश बनाने का उन्होंने संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र अपनी भर्तियों की परीक्षाओं की तैयारी करें किसी तरह की आशंका अपने मन में न रखें। आने वाले समय में जो भी भर्तियां होंगी वह समय पर होंगी इसकी पूरी व्यवस्था उनकी सरकार द्वारा कर दी गई है तथा भर्तियों में पूरी पारदर्शिता होगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जन भावनाओं के आधार पर काम कर रही है जनता के हित और राज्य के विकास के लिए जो भी जरूरी होगा सरकार वही करेगी।

# स्पा सेंटर में छापेमारी, 6 युवतियों सहित 11 हिरासत में

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। अनैतिक कार्य किये जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने एक स्पा सेंटर में छापेमारी करते हुए 6 युवतियों सहित 11 लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिनमें एक निजी बैंक का प्रबन्धक भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस में प्रेम मंदिर के समीप एक स्पा सेंटर में स्थानीय लोगों ने अनैतिक कार्य होने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की थी।

शिकायत के बाद कोतवाली रुड़की वरिष्ठ उप निरीक्षक केदार सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ बीती शाम स्पा सेंटर पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से 11 लोगों को हिरासत में ले लिया। जिनमें छह युवतियों सहित एक निजी बैंक का प्रबन्धक भी शामिल है। हिरासत में लिये गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जबकि स्पा सेंटर के स्वामी के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

# चार लोगों पर गैंगस्टर

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चार लूटेरों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार थाना पथरी सपेरा बस्ती निवासी फौजी नाथ उर्फ चिमटी नाथ पुत्र कल्लूनाथ गैग लीडर, गोपी नाथ पुत्र मस्तु नाथ, गोरव नाथ पुत्र कैस नाथ, बुद्धि उर्फ ऋतिक नाथ पुत्र तरवेस को लूट के मामले में गिरफ्तार किया था।

आज पुलिस ने सभी को समाज विरोधी क्रियाकलाप कर अवैध धन अर्जित करने व समाज में भय व दशहत फैलाने के मामले में गैंगेस्टर एक्ट में निरूद्ध किया है।

# वन दरोगा भर्ती में गड़बड़ी करने वाले नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। वन दरोगा के 316 रिक्त पदो की भर्ती प्रक्रिया में गडबडी करने वाले नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साईबर क्राइम थाने में तैनात एसआई राजेश ध्यानी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वर्ष 2021 में 14 जुलाई से 25 जुलाई तक वन दरोगाओं के 316 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा हुई थी जिसमें अनुज कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी कल्याणपुर रूडकी जनपद हरिद्वार, दीक्षित कुमार पुत्र रमेश चंद निवासी जमालपुर हरिद्वार, मौहम्मद जीशान पुत्र मुस्तकीम निवासी नगला खुर्द लक्सर हरिद्वार, मौहम्मद मजिद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी जौरासी मस्त लढौरा मंगलौर हरिद्वार, सचिन कुमार पुत्र राजवीर निवासी तेलीवाला शिवदासपुर कलियर हरिद्वार, शेखर कुमार पुत्र कंवर पाल निवासी रायसी पोडोवाली लक्सर हरिद्वार, रविन्द्र सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नम्बर 11 लक्सर हरिद्वार, प्रशांत कुमार पुत्र बाबू राम निवासी खानपुर हरिद्वार व अश्वनी कुमार पुत्र ईश्वर चंद निवासी आसफ नगर मंगलौर हरिद्वार के द्वारा षडयंत्र कर धोखाधडी करते हुए पेपर लीक कराया गया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# लापता व्यापारी का शव मिला

हमारे संवाददाता

नैनीताल। काठगोदाम क्षेत्र से पिछले चार दिनों से लापता चल रहे व्यापारी का शव पुलिस बरामद कर लिया है। व्यापारी का शव मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है। पुलिस मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच में जुट चुकी है।

जानकारी के अनुसार पालीशीट निवासी संतोष कुमार पुत्र स्व. नंदाबल्लभ 13 सितम्बर की रात से लापता चल रहे थे। बताया जा रहा है कि उनकी हाईडिल गेट पर इनेक्ट्रिानिक सामान की दुकान है।

पता चला है कि रोज की तरह वह 13 सितम्बर की सुबह दुकान पर गये थे। जिसके बाद देर शाम उन्होने दुकान बंद की और वह बीच रास्ते से लापता हो गये। व्यापारी की गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि आखरी बार रात दस बजे उन्हे चंबल नहर के पास देखा गया था। जहां से उनकी स्कूटी भी बरामद हुई थी।

आज सुबह आरटीओ रोड क्षेत्र की सिंचाई नहर में स्थानीय लोगों द्वारा एक शव देखा गया। जिसकी सूचना उन्होने पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान लापता व्यापारी संतोष बहुगुणा के रूप में हुई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**



*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*